Date - 28-09-2025

Rajasthan Patrika

Page No 2

ता: 28/09/25

राजस्थान पत्रिका पेज नं. 2

# अहमदाबाद-गांधीनगर के बीच मेट्रो ट्रेन के समय में बदलाव

**अहमदाबाद @ पत्रिका.** गुजरात मेट्रो रेल कोर्पोरेशन (जीएमआरसी) ने रविवार से अहमदाबाद और गांधीनगर के बीच दौड़ने वाली मेट्रो ट्रेन के समय में बदलाव करने की घोषणा की है। शनिवार को नया टाइम टेबल घोषित किया है। इसके तहत अमदाबाद के एपीएमसी से सचिवालय और गिफ्ट सिटी रूट पर अहमदाबाद के एपीएमसी वासणा से मेट्रो ट्रेन सुबह 6.48 बजे रवाना होगी, जो 7.02 बजे ओल्ड हाईकोर्ट पहुंचेगी और 7.20 को मोटेरा स्टेडियम पहुंचेगी। जीएनएलयू 7.41 को पहुंचेगी। पीडीईयू 7.46 जबकि गिफ्ट सिटी 7.49 को पहुंचेगी। उधर गिफ्ट सिटी से सुबह 7.51 बजे पहली ट्रेन रवाना होगी, जो 7.55 को पीडीईयू, 7.59 को जीएनएलयू, 8.20 को मोटेरा स्टेडियम, 8.39 को ओल्ड हाईकोर्ट और 8.53 को एपीएमसी वासणा पहुंचेगी। इस रूट पर रविवार से दो नए स्टेशन -कोबा गांव और जूना कोबा भी कार्यरत हो रहे हैं। जीएमआरसी की ओर से कहा गया है कि मोटेरा से गांधीनगर सचिवालय के लिए सुबह 8.11 बजे से पहली ट्रेन दौड़ेगी, जबकि अंतिम ट्रेन सचिवालय से रात 7.46 बजे मोटेरा के लिए रवाना होगी।



मेट्रो ट्रेन (फाइल फोटो)